(b) if so, whether it is a fact that Delhi Administration has not yet implemented the orders of the Tribunal (CAT) ;

(c) whether the delay in implementation amounts to contempt of country ; and

(d) what are the reasons for such delay and by when the orders of CAT are likely to be implemented ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D.K. THARA DEVI SIDDHARTHA) : (a) to (d) The Central Administrative Tribunal (CAT) had, *inter-alia*, ordered that a decision upon providing reasonable promotional avenues for Assistant Medical Officer (Homoeopathy), be taken. In compliance with the orders of the Central Administrative Tribunal, Delhi Administration have upgraded the post of Assistant Medical Officer (Homoeopathy) and created 31 posts of Junior Medical Officers.

राम मनोहर लोहिया अस्पताल में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के पृथक स्कंध की स्थापना

2115. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभ भोगियों के लिए अधिकांश विषयों में अलग-अलग बहिरंग रोगी सुविधायें न होने के कारण केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभ भोगियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए उनका बहुमूल्य समय सामान्य रोगियों के साथ प्रतीक्षा करने में व्यर्थ हो जाता है ;

(ख) इस अस्पताल में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभ भोगियों के लिए विभिन्न विषयों के अलग-अलग बहिरंग रोगी विभाग न स्थपित किए जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही कर रही है ;

(घ) सफदरजंग अस्पताल की पद्धति पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल, में अभी तक केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना का एक पृथक-स्कंध स्थापित न किए जाने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) इस संबंध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) से (ङ) राममनोहर लोहिया अस्पताल में विशेषज्ञ बहिरंग रोगी विभाग सेवाएं प्रदान करना उपयुक्त स्थान की उपलब्धता पर निर्भर करता है । जिसका अस्पताल की अन्य आवाती प्राथमिकताओं को देखते हुए अभाव है तथापि कायं-चिकित्सा और शल्य-चिकित्सा में बहिरंग रोगी विभाग विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान की गई है ।

बायकाट सिपला प्रोडक्ट्स प्रदर्शित करने वाली चिप्पियों का लगाया जाना

2116. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :**

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में "बायकाट सिपला प्रोडक्ट्स" की चिप्पियां लगी हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) से (ग) जी, हां अस्पताल को उन्हें प्रदर्शित करने के कारणों की जानकारी नहीं है ।